## परिवहन मंत्री करेंगे शुरुआत, जनरल, महिला व छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग होंगे पास

# सिटी बसों में पास सिस्टम आज से

**सिटी ट्रांसपोर्ट**



पटना। कार्यालय संवाददाता

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की रिंग बसों में मंगलवार से मासिक पास सिस्टम लागू हो जाएगा। परिवहन मंत्री संतोष कुमार निराला मासिक पास सिस्टम की शुरुआत करेंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को मासिक पास भी दिया जाएगा।

मासिक पास सिस्टम में जनरल, महिला, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग मासिक पास रहेगा। जनरल पास 600 रुपये में मिलेगा। इससे एक महीने तक सफर कर सकेंगे। छात्र पांच सौ रुपये और छात्राएं 450 रुपये में एक महीने तक सफर करेंगे। परिवहन सचिव ने बताया कि छात्राओं की मांग पर यह मासिक पास सिस्टम लाया गया है। छात्राओं का कहना था कि कॉलेज आने-जाने में एक महीने में दो-तीन हजार रुपये खर्च हो जाते हैं। छात्राओं के लिए 450 रुपये का मासिक पास रहेगा। इससे छात्राओं को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। यात्री बस, बांकीपुर डिपो और चलो एप से मासिक पास डाउनलोड कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि हाजीपुर, बिहटा और बिहारशरीफ के लिए रूट मासिक पास सिस्टम लाया जा रहा है। इसमें भी छात्र-छात्राओं को छूट रहेगी। बता दें कि अभी 13 रूटों पर 110 सिटी बसों का परिचालन हो रहा है। हर दिन 50 हजार से अधिक यात्री सिटी बस सेवा का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पांच बस स्टॉपों पर चार जून से ही स्क्रीन के माध्यम से बसों के बारे में जानकारी ले सकेंगे। यही नहीं, बसों में अब पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक मशीन से टिकट काटने का काम शुरू हो गया है।

### राहत

- हर दिन 50 हजार यात्री सिटी बस में करते हैं सफर
- अभी 13 रूटों पर 110 सिटी बसों का परिचालन हो रहा

### रूट मासिक पास भी होगा लागू

शहर के अलावा रूट मासिक पास सिस्टम भी जारी होगा। पटना से हाजीपुर के लिए 1200 रुपये, पटना से बिहारशरीफ के 29 सौ और बिहटा के लिए 1450 रुपये में एक महीने तक सफर सकेंगे।



| | |
|---|---|
| जनरल | 600 रुपये |
| महिला | 550 रुपये |
| छात्र | 500 रुपये |
| छात्राएं | 450 रुपये |

| राजधानी के बस रूट | चल रहीं बसें |
|---|---|
| गांधी मैदान से दानापुर स्टैंड | 10 |
| गांधी मैदान से दानापुर स्टेशन | 15 |
| गांधी मैदान से एम्स | 18 |
| गांधी मैदान से पटना विवि | 04 |
| पटना सिटी स्टेशन से गांधी मैदान | 15 |
| गांधी मैदान से ईएसआई अस्पताल बिहटा | 06 |
| गांधी मैदान से आईआईटी बिहटा | 06 |
| पटना मनेरशरीफ से सगुना मोड़ | 02 |
| गांधीमैदान से हाजीपुर | 12 |
| गांधी मैदान से पटना साहिब स्टेशन | 15 |
| गांधी मैदान से दीघा | 03 |
| गांधी मैदान से बिहारशरीफ | 13 |
| गांधी मैदान से हवाई अड्डा | 03 |
| पटना जंक्शन से कुर्जी मोड़ | 04 |